विषय सूची

क्र.सं.	अध्याय	पृष्ठ संख्या
1	परिचय	1
2	आयोग के कार्य	1–2
3	आयोग तथा इसका सचिवालय	2–3
4	आयोग के मानव संसाधन	3–5
5	वर्ष के दौरान गतिविधियां	5–7
6	उपभोक्ता फोरम	7–9
7	राज्य आयोग, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय तथा अपीलीय न्यायालय में विद्युत विवादों का अधिनिर्णय	9–13
8	वित्त एवं लेखा	13–15
9	समन्वय फोरम	15–19
10	तकनीकी / विनियामक / टैरिफ विषलेषण मामले	20–26
11	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन सूचना	26–42
अनुलग्नक		
अनुलग्नकों के लिए कृपया अंग्रेजी भाग देखें		

1 परिचय

हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग एक वैधानिक संगठन है जिसका गठन विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 (1998 का 14वां) के अधीन 30.12.2000 को किया गया था। आयोग द्वारा 6 जनवरी, 2001 को षिमला स्थित मुख्यालय से अपना कार्य प्रारम्भ किया गया। वर्ष 2009–10 में आयोग ने अपने कार्यालय के 9वें वर्ष में प्रवेष किया।

पुनर्विनियमन विद्युत अधिनियम 2003 (2003 का 36वां) के अधीन राज्य सरकार को अपने विद्युत क्षेत्र को यथोचित ढंग से विकसित करने हेतु पर्याप्त ढील प्रदान की गई है जिसके अन्तर्गत :–

(क) विद्युत उत्पादन, संचारण, वितरण, व्यापार, विद्युत उपयोग से सम्बन्धी कानूनों का समेकन।

(ख) विद्युत उद्योग में प्रतिसपर्द्धा की भावना का विकास तथा उन्नयन।

(ग) उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा उनकी षिकायतों का निराकरण।

(घ) सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति।

(ड.) विद्युत प्रभार को युक्तिसंगत बनाना क्रास, उपदान स्तर को कम करना।

पर्यावरण मित्र नीतियों के द्वारा कार्यकुषलता तथा मितव्ययता आदि को बढ़ावा देना इसी के दृष्टिगत आयोग द्वारा राज्य में विद्युत क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न विनियम तैयार तथा अधिसूचित किए गये हैं। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 105 के अधीन वर्ष 2009–10 की वार्षिक प्रषासनिक रिपोर्ट विधान सभा पटल पर रखी जाएगी।

2 आयोग के कार्य

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86 (1) के अधीन राज्य आयोग को निम्नलिखित अनिवार्य कार्य सौंपे गये हैं।

- राज्य के अन्दर विद्युत उत्पादन, आपूर्ति, संचारण एवं व्हीलिंग हेतु बहुल, थोक अथवा खुदरा यथास्थिति, शुल्क निर्धारित करना। यह उपबन्धित है कि जहां धारा 42 के अधीन किसी उपभोक्ता वर्ग को खुली पहुँच की अनुमति प्रदान की गई हो ऐसी स्थिति में राज्य आयोग उपभोक्ता के ऐसे वर्ग के सम्बन्ध में केवल व्हीलिंग प्रभार तथा उस पर लगने वाला प्रभार यदि कोई हो, का निर्धारण करेगा।
- राज्य के भीतर विद्युत आपूर्ति एवं वितरण हेतु उत्पादन करने वाली कम्पनियों अथवा लाईसैंसधारियों अथवा किन्हीं अन्य स्रोतों से अनुबन्ध

द्वारा किस कीमत पर विद्युत प्राप्त की जाए तथा वितरण लाईसैंसधारियों सम्बन्धी विद्युत क्रय तथा प्राप्ति प्रक्रिया को विनियमित करना।

- अन्तरराजीय विद्युत संचारण तथा व्हीलिंग की सुविधाएं उपलब्ध करवाना।
- राज्य के भीतर संचारण, वितरण तथा विद्युत व्यापार के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों को लाईसैंस जारी करना।
- नवीनीकृत ऊर्जा स्रोतों तथा सह उत्पादन को विकसित करने हेतु उन्हें ग्रिड से जोड़ने के लिए उपयुक्त उपाय करना, किसी व्यक्ति को बिजली बेचने तथा उसके साथ ही ऐसे स्रोतों से बिजली क्रय करने हेतु वितरण लाईसैंसधारी के क्षेत्र में उपयोग में लाई जाने वाली कुल बिजली की प्रतिषतता निर्धारित करना।
- लाईसैंसधारियों व उत्पादक कम्पनियों के मध्य विवादों का निर्णय करना, किसी विवाद को मध्यस्थ निर्णय हेतु भेजना।
- अधिनियम के उद्देष्यों की पूर्ति हेतु शुल्क लगाना।
- धारा 79 की उप धारा (1) के खण्ड (एच) के अन्तर्गत निर्दिष्ट ग्रिड कोड के अनुरूप राज्य ग्रिड कोड को निर्दिष्ट करना।
- लाईसैंसधारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में गुणवता, निरन्तरता तथा विष्वसनीयता के मानक तय करना अथवा उन्हें लागू करना।
- यदि आवष्यक हो तो राज्य के भीतर व्यापार में व्यापारिक मार्जिन निर्धारित करना।
- ऐसे अन्य सभी कार्यो का निर्वहन करना जो इस अधिनियम के अन्तर्गत उसे सौंपे जाए।

इसके साथ ही विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86(2) के अधीन आयोग राज्य सरकार को निम्नलिखित अथवा किसी अन्य मामले में परामर्ष प्रदान कर सकता है :–

(i) विद्युत उद्योग की गतिविधियों में प्रतिस्पर्द्धा, दक्षता एवं मितव्ययता को बढ़ावा देना।

(ii) विद्युत उद्योग में निवेष को बढ़ावा देना।

(iii) राज्य में विद्युत उद्योग का पुर्नसंगठन तथा पुनर्निर्माण।

(iv) विद्युत उत्पादन, संचारण, वितरण, व्यापार अथवा अन्य सम्बन्धित सभी मामले जो कि राज्य सरकार द्वारा आयोग को भेजे जाएं।

3 आयोग तथा इसका सचिवालय

अधिनियम की धारा 82(4) के अनुसार राज्य आयोग में अध्यक्ष सहित तीन से अधिक सदस्य शामिल नहीं होंगे, जबकि वर्तमान में एक सदस्यीय आयोग का कार्य 31.1.2006 से श्री योगष खन्ना की अध्यक्षता में किया जा रहा है। प्रदेष में अपने कार्य निष्पादन के दौरान आयोग का निरन्तर प्रयास रहा है कि हिमाचल प्रदेष में अपने कार्य निष्पादन के दौरान लिए गये निर्णयों में पूर्ण पारदर्षिता बरती जाए। आयोग के सचिव द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत सभी वैधानिक मामलों, कार्मिक, प्रषासनिक, लेखा व वित्त तथा कार्यकारी निदेषकों द्वारा उपयोग को सभी तकनीकी मामलों जैसे विनियमों को बनाना, तकनीकी व आर्थिक अनुमोदन, पी. पी. ए. तथा टैरिफ विष्लेषण इत्यादि में अध्यक्ष को सहयोग दिया गया। अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी आयोग को विभिन्न क्षेत्रों में आवष्यक सहयोग प्रदान किया है।

4 आयोग के मानव संसाधन

4.1 सामान्य

वर्ष के दौरान आयोग में अधिकारियों/कर्मचारियों को हिमाचल प्रदेष राज्य विद्युत बोर्ड तथा अन्य विभागों/निगमों में प्रतिनियुक्ति/सैकिन्डमैन्ट के आधार पर विभिन्न कार्यो जैसे इंजीनियरिंग, वित्तीय विष्लेषण, लेखा, सूचना तकनीकी तथा मानव संसाधन प्रबन्धन आदि क्षेत्रों के लिए कार्य में लगाए गए।

वर्ष के दौरान, आयोग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, कार्यालय सहायता तथा अन्य आन्तरिक कार्यो के निष्पादन हेतु वाह्य स्त्रोत्रों (सर्विस प्रोवाइडर) के माध्यम से मितव्ययता तथा कार्यदक्षता के दृष्टि सेवाएं जारी रखी गई। 31.3.2009 तक आयोग में कुल 29 कर्मचारी कार्यरत्त रहें। नियमित कर्मचारियों के अभाव तथा कार्य के बढ़ते हुए बोझ के मध्यनजर आयोग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में परामर्षदात्ताओं की विषेष सेवाएं भी ली गई।

आयोग का संगठनात्मक चार्ट परिषिष्ट–1 पर तथा कर्मचारियों की सूची परिषिष्ट–।। पर संलग्न है।

4.2 कार्मिक एवं प्रषासन

आयोग के संगठनात्मक उद्देष्यों की प्राप्ति अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मिलजुल कर कार्य करने से की गई, कार्मिक तथा प्रषासनिक, लेखा एवं वित्त तथा विधि शाखाएं आयोग के सचिव के अधीन कार्य कर रही हैं, जो कार्यकारी तथा गैर कार्यकारी कर्मचारियों की भर्ती, वित्तीय सेवाएं, बजट, क्रय एवं प्रापण, अनुरक्षण एवं देखभाल, कार्मिक प्रषासन, विधि मामले, प्रषिक्षण तथा कार्य मूल्यांकन जैसे क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही है। श्री बी. एम. नान्टा (हि०प्र०से०) 10.10.2008 तक आयोग के सचिव रहे। दिनांक 28.2.2009 तक श्री मदन चौहान (हि०प्र०से०) इस पद पर कार्यरत रहें तथा इस समय 28.2.2009 से श्रीमति पूर्णिमा चौहान (हि०प्र०से०) सचिव का कार्य देख रही हैं। ये सभी अधिकारी आयोग में सैकिन्डमैंन्ट आधार पर कार्यरत रहें। आयोग के कार्मिक प्रषासनिक तथा वित्तीय लेखा सम्बन्धी कार्यो के निष्पादन हेतु सचिव को एक कार्मिक एवं प्रषासनिक अधिकारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, अधीक्षक ग्रेड–।।, तीन वरिष्ठ सहायकों तथा एक रिकार्ड कीपर द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

4.3 अधिकारियों/कर्मचारियों की अद्यतन स्थिति

गत वर्ष के दौरान श्री महेष सरकेक के अपने मूल विभाग में अधीक्षण अभियन्ता के पद पर प्रोन्नत्ति के परिणामस्वरूप उन्हें दिनांक 29.1.2009 से कार्यकारी निदेषक (टी.एफ.ए.) के रूप में सैकिन्डमैन्ट आधार पर नियुक्त किया गया। इसी प्रकार श्री सुषील कष्यप, वरिष्ठ सहायक के तदर्थ रूप में प्रोन्नत होने के पष्चात 13.2.2009 को उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण किया। निजी सहायक के रिक्त पद पर दिनांक 19.2.2009 से श्री अषोक गौतम को सैकिन्डमैंट आधार पर नियुक्त किया गया। निदेषक (टी ई) तथा विधि अधिकारी आदि के रिक्त पदों को विज्ञापन के माध्यम से भरने के प्रयास किए गये किन्तु उपयुक्त प्रक्रिया के अभाव में इन्हें नहीं भरा जा सका तथापि इन्हें भरने की कार्यवाही जारी है।

4.4 परामर्षदात्ताओं की सेवाएं

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 91(4) के अधीन आयेाग अपनी शर्तों एवं निबन्धन के अनुरूप कार्य निष्पादन हेतु परामर्षदात्ताओं की नियुक्ति करता है। श्री बी.एस. बक्षी, सेवानिवृत कार्यकारी निदषक, तथा श्री एस. के.

चानणा, सेवानिवृत सदस्य (तकनीकी) हिमाचल प्रदेष विद्युत बोर्ड को अन्य एक वर्ष की अवधि के लिए क्रमषः 2 जनवरी, 2009 तथा 14 मार्च, 2009 से रिटेनर परामर्षदात्ता (तकनीकी I तथा ।।) के रूप में नियुक्त किया गया। इसी प्रकार श्री शषिभूषण शर्मा (कम्पयूटर नेटवर्क एवं सर्वर मैनेजमैंट) की परामर्ष अविध में 6 अगस्त, 2008 से अगले एक वर्ष के लिए विस्तार किया गया। श्री जी. पी. अत्री को 1 दिसम्बर, 2008 से एक अन्य वर्ष के लिए पुनः रिटेनर परामर्षदात्ता (विधि) नियुक्त किया गया। शुल्क, वित्तीय एवं लेखा सम्बन्धित मामलों में सहायता प्रदान करने के उद्देष्य से श्री बी. के. सेठ को भी 28 फरवरी, 2009 से एक वर्ष के लिए रिटेनर परामर्षदात्ता (एफ. एण्ड ए.) के रूप में नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा समय–समय पर प्रतिस्पर्द्धात्मक निविदाओं के आधार पर टैरिफ याचिका के निर्धारण तथा अन्य मामलों के सम्बन्ध में संस्थागत परामर्षदाताओं की सेवाएं ली गई।

4.5 उपभोक्ता प्रतिनिधि

आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं के हितों की पैरवी करने के लिए श्री प्रेम नाथ भारद्वाज को इस वर्ष भी उपभोक्ता प्रतिनिधि के रूप में अनुवंधित रहे।

5 वर्ष के दौरान गतिविधियां

5.1 प्रषिक्षण/कार्यषालाएं/बैठकें

वर्ष के दौरान, आयोग द्वारा अपने अधिकारियों को विभिन्न प्रषिक्षणों/सम्मेलनों/कार्यषालाओं/बैठकों आदि, विषेष रूप से भारत वर्ष में विद्युत संचारण क्षेत्रों, पुनः नवीकरण ऊर्जा, ग्रिड सुरक्षा एवं प्रबन्धन, भारत वर्ष में विद्युत वितरण, विद्युत मीटर, सूचना का अधिकार अधिनियम, हिमाचल प्रदेष विद्युत बोर्ड में विद्युत सुधार, क्षमता निर्माण आदि के क्षेत्र में जानकारी प्राप्त करने हेतु भेजा गया। जिन अधिकारियों ने प्रषिक्षण/सम्मेलनों/बैठकों में भाग लिया उनका विवरण परिषिष्ट–।।। में दर्षाया गया है।

5.2 कम्पयूट्रीकरण

आयोग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कम्पयूटर उपलब्ध

करवाए गये हैं। उनकी क्षमता तथा संगति के दृष्टिगत इन्हें लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) के साथ जोड़ा गया है ताकि सूचना का आदान–प्रदान प्राथमिकता तथा विष्वसनीय रूप से किया जा सके। पूर्व स्थापित कम्पयुटर नेटवर्क को बढ़ाते तथा उन्नयन करते हुए आयोग में इस समय दो सर्वर, 35 डैस्क्टॉप, 15 प्रिंटर तथा 2 फोटोकोपियर कम फैक्स के अतिरिक्त आठ लैपटॉप, एक प्रोजेक्टर, एक दृष्य–श्रव्य सिस्टम तथा अन्य बाह्य हार्डवेयर एवं मानक सॉफ्टवेयर आईटम प्रदान किए गये हैं। LAN को आयोग तथा ओमवड्समैन कार्यालय के समीपवर्ती भवन तक बढ़ाया गया है ताकि संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग किया जा सके।

5.3 वेबसाईट

सूचना के अधिकार अधिनियम तथा हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग विनियमनों के अधीन महत्त्वपूर्ण सूचना को आयोग की वेबसाईट http://www.hperc. org में समाविष्ट किया गया हैं, जिनके माध्यम से हिमाचल प्रदेष विद्युत नियामक आयोग द्वारा उपभोक्ताओं तथा अन्य लाभार्थियों के लिए आरम्भ की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में सुलभ जानकारी विस्तृत प्रचार–प्रसार के साथ पारदर्षिता से उपलब्ध करवाई जा रही है।

5.4 पुस्तकालय

आयोग से सम्बन्धित विभिन्न पुस्तकें विधि जर्नल तथा अन्य दस्तावेजों को अप्रैल, 2008 से मार्च, 2009 तक समय–समय पर पुस्तकालय के लिए क्रय किया गया।

5.5 समाचार पत्र कतरन सेवा

राज्य के भीतर तथा बाहर विद्युत क्षेत्र में घटित होने वाली अद्यतन गतिविधियों की आयोग को समयक जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यालय में दैनिक समाचार पत्र कतरन सेवा आरम्भ की गई है। इन्हें आयोग के अवलोकनार्थ एवं उपयुक्त कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया।

5.6 संसद/विधान सभा प्रष्न/विषिष्ट व्यक्ति के सन्दर्भ

संसद/विधान सभा प्रष्न तथा विषिष्ट व्यक्तियों से प्राप्त संदर्भो का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया गया। विषिष्ट व्यक्तियों, भारत सरकार तथा हिमाचल प्रदेष सरकार तथा केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग से विभिन्न विद्युत क्षेत्रों पर प्राप्त संदर्भो पर प्राथमिकता के अधार पर कारगर संवाद स्थापित कर कार्यवाही की गई।

6 उपभोक्ता फोरम

6.1 उपभोक्ताओं की षिकायतों के निपटान हेतु फोरम

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 42 की उपधारा (5) के साथ पठित धारा 181 के अधीन आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग (उपभोक्ता की षिकायतों के निराकरण हेतु स्थापित किए जाने वाले फोरम हेतु दिषा–निर्देष) जारी किए हैं। विनियम 3 के अधीन वितरण लाईसैंसधारी अर्थात हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा विद्युत आपूर्ति में कमी तथा दोष, अनुचित व्यापार पद्धति, लाईसैंसधारी द्वारा विद्युत लाईन तथा समवर्गी सेवाओं आदि के अधिक प्रभार तथा मूल्य बसूली सम्बन्धी षिकायतों के निराकरण हेतु कसुम्पटी, षिमला में तीन सदस्यीय फोरम का गठन किया गया है। वितरण लाईसैंसधारी अर्थात बोर्ड द्वारा दो सदस्य नियुक्त किए गए थे, एक अन्य स्वतन्त्र सदस्य श्री डी. के. गुप्ता सेवानिवृत मुख्य अभियन्ता को आयोग द्वारा अपने आदेष दिनांक 1.10. 2008 के अधीन कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि तक नामित किया गया। स्वतन्त्र सदस्य का नामांकन हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियमन आयोग के विनियमन, 2008 के विनियम 3 के उप विनियमन (9) के खण्ड (बी) (उपभोक्ता की षिकायतों के निराकरण हेतु स्थापित किए जाने वाले फोरम हेतु दिषा–निर्देष) (6वां संषोधन) के अधीन किया गया जिसे दिनांक 31 जुलाई, 2008 को विधिवत रूप में राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित किया गया। फोरम के आदेष से पीड़ित कोई भी व्यक्ति फोरम के निर्णय के विरूद्ध 40 दिन की अवधि के भीतर विद्युत ओमबड्समैन के समक्ष अपील दायर कर सकता है। फोरम से प्राप्त सूचना के अनुसार 1.4.2008 से 31.3.2009 तक प्राप्त तथा निपटाई गई षिकायातें का विवरण निम्न तालिका में दर्षाया गया है।

क्र	शिकायत की स्थिति	प्रभावकारी विद्युत आपूर्ति में बिलम्ब	बोल्टेज़ की गुणवता	रूकावटें	मीटर सम्बन्धी समस्याएं	बिल सम्बन्धी समस्याए	टैरिफ समस्याए	अन्य	कुल
1	गत वर्ष 31.3.08 के अन्त तक लम्बित षिकायतें	–	1	–	8	14	28	9	60
2	रिर्पोटाधीन वर्ष के दौरान प्राप्त षिकायतें	–	–	–	2	8	8	4	22
3	कुल षिकायतें	–	1	–	10	22	36	13	82
4	रिर्पोटाधीन वर्ष के दौरान प्राप्त षिकायतों पर कार्यवाही	–	2	–	1	7	1	2	13
5	शेष षिकायतें	–	1	–	10	15	35	11	72
6	3 महीने से अधिक तथा 6 महीने से कम लम्बित षिकायतें	–	–	–	–	–	2	1	3
7	6 महीने की अवधि से अधिक लम्बित षिकायतें	–	1	–	10	13	30	9	63

6.2 विद्युत ओमबड्समैन

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 42(6) तथा हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत ओमबड्समैन) विनियम, 2004 के अधीन 02.01.2008 को आयोग द्वारा श्री एस. के. सूद को विद्युत ओमबड्समैन नियुक्त किया गया। उनके द्वारा उपरोक्त विनियमों के अधीन वर्ष के दौरान उसके समक्ष प्रस्तुत उपभोक्ता षिकायतों के निराकरण सम्बन्धी कार्य का निष्पादन किया गया। उपभोक्ताओं की षिकायतों को फोरम द्वारा निराकरण न किए जाने अथवा उपभोक्ता फोरम द्वारा दिए गये निर्णय के

विरूद्व उपभोक्ता अपना प्रतिवेदन विद्युत ओमबड्समैन षिकायतों पर सहमति, समझौता अथवा मध्यस्थता करके अथवा विनियमों के अनुसार निर्णय देकर मामलों का निपटारा कर सकता है। फोरम के किसी आदेष से पीड़ित व्यक्ति अथवा फोरम द्वारा उसकी षिकायत का निराकरण न किए जाने की स्थिति में वह अपनी षिकायत के निराकरण हेतु विद्युत ओमबड्समैन के समक्ष अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकता है। आोमबड्समैन को उक्त विनियम की धारा 11, 12 और 13 के अधीन विवादों की सहमति व अधिनिर्णय देकर उनकी अनुपालना को सुनिष्चित करने की शक्तियां प्रदान की गई है। विद्युत ओमबड्समैन को उसे प्रस्तुत किसी भी षिकायत के सम्बन्ध में प्राप्त होने की तिथि से तीन मास की अवधि के अन्दर अपना अधिनिर्णय देना होगा तथा उसका अधिनिर्णय दोनों पक्षों को 30 दिनों की अवधि के भीतर स्वीकार करना आवष्क होगा। किसी अधिनिर्णय अथवा अनुबन्ध के कार्यान्वयन न होने की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति आयेाग से सम्पर्क स्थापित कर सकता है तथा आयोग इसके कार्यान्वयन हेतु उचित कार्यवाही करेगा। फोरम के आदेष से पीड़ित कोई भी व्यक्ति ऐसे आदेष जारी होने की तिथि से 45 दिनों की अवधि के भीतर विद्युत ओमबड्समैन को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकता है। विद्युत ओमबड्समैन के पास 1.4.2008 से 4 मामले लम्बित थे। वर्ष के दौरान बिलिंग से सम्बन्धित 4 अतिरिक्त प्रतिवेदन/आवेदन प्रस्तुत किए गये। 31.3.2009 तक लम्बित 8 आवेदनों में से 6 का निर्णय किया गया तथा शेष बिलिंग से सम्बन्धित 2 आवेदन 1.4.2009 को निर्णय हेतु लम्बित हैं।

7 राज्य आयोग, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय तथा विद्युत सम्बन्धी न्यायाधिकरण द्वारा विवादों का अधिनिर्णय

7.1 राज्य आयोग के समक्ष मामले

आयोग में याचिकाओं, उत्तरों, प्रत्युत्तरों तथा आपत्तियों का आयोग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा परीक्षण तथा छानबीन की जाती है। वित्त वर्ष 2008–09 के दौरान आयोग में विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन विभिन्न याचिकादात्ताओं तथा लाभार्थियों से 66 नई याचिकाएं प्राप्त हुई जिन में से 31.3.2009 तक 46 याचिकाओं का निपटान किया गया तथा 20 याचिकाएं निर्णय के लिए लम्बित पड़ी है। इसके अतिरिक्त कुछ

पुरानी याचिकाओं का भी निपटान किया गया। दायर की गई याचिकाओं जिन पर निर्णय दिया गया तथा लम्बित याचिकाओं का विवरण परिषिष्ट IV में दिया गया है।

7.2 माननीय उच्च न्यायालय/विद्युत अपील न्यायाधिकरण, नई दिल्ली तथा उच्चतम न्यायालय के समक्ष मामले

आयोग के कर्मचारी विधिक कार्यो तथा टिप्पणिया तैयार करना, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय तथा अपील, न्यायाधिकरण में दायर की जाने वाली याचिकाओं तथा शपथ पत्रों को तैयार करने में वकीलों से सम्पर्क स्थापित करते हैं जिससे विधिक परामर्ष के साथ–साथ आवष्यकता पड़ने पर न्यायालयों में उत्तर देने तथा विभिन्न विनियमों को तैयार करने में भी सहायता प्राप्त होती है, इसके साथ ही वे आयोग को लम्बित मामलों की अद्यतन स्थिति से भी अवगत करवाते हैं।

श्री नरेष कुमार सूद अधिवक्ता की सेवाएं उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेष में चल रहे मुकदमों की पैरवी के लिए स्टेंडिंग कॉसिल एवं विधि परामर्षदाता के रूप में रिटेनरषिप फीस के आधार पर जारी रही। इसी प्रकार श्री संजय सेन अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय भारत सरकार की सेवाएं भी आयोग द्वारा विद्युत अपील न्यायाधिकरण नई दिल्ली में चल रहे विभिन्न अपीलीय मामलों की पैरवी हेतु ली गई।

वर्ष के दौरान विद्युत अपील न्यायाधिकरण द्वारा अपील संख्या 135/2006,136/2006, 68/2006, 64/2008, 206/2006, 147/2007, 39/2009 तथा 209/2009 पर अपना निर्णय दिया। बोर्ड द्वारा विद्युत अपील न्यायाधिकरण में दायर की गई अपील संख्या 135/2006 बोर्ड द्वारा दिनांक 18.11.2004 को संरचनात्मक विकास में बड़ौतरी से सम्बन्धित है। संरचनात्मक प्रभार से सम्बन्धित अधिसूचना पर आयोग द्वारा रोक लगा दी गई तत्पष्चात बोर्ड द्वारा बढ़े हुए प्रभार सम्बन्धी अपनी याचिका को 28.12.2004 को वापिस ले लिया गया। आयोग द्वारा इस मामले की 27.12.2005 की सुनवाई के पष्चात दिनांक 6.4.2005 को प्रतिरोधी आदेष पारित करके 1.00 लाख रुपये का जुर्माना तथा आदषों के उल्लंघन करने

पर दिनांक 18.11.2004 से 6000/– रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त पैन्लटी के आदेष जारी किए, आयोग के इन आदेषों को विद्युत अपील न्यायाधिकरण द्वारा निरस्त किया गया तथा अपील के सम्बन्ध में कारण बताओं नोटिस भी खारिज किया गया। बोर्ड द्वारा दिनांक 4 दिसम्बर, 2008 को विद्युत अपील न्यायाधिकरण में दायर अपील संख्या 2006 की 136 को बोर्ड द्वारा हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग (उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण हेतु फोरम के गठन हेतु मार्गदर्षन) विनियम, 2003 तथा एतद् सम्बन्धी आयोग द्वारा किए गये परवर्ती संषोधनों के दृष्टिगत निष्फल करार करते हुए खारिज कर लिया गया। इसी प्रकार जांच अधिकारी की नियुक्ति से सम्बन्धित अपील संख्या 68/2006 को आयोग द्वारा उपयोगिता के माइक्रो मैनेजिंग मामलों हेतु ''जांच अधिकारी'' की नियुक्ति से सम्बन्धित आयोग के 23.12.2005 के ओदष को भी विद्युत अपील न्यायाधिकारण द्वारा दिसम्बर 3, 2008 को इस आधार पर खारिज किया गया कि आयोग की मंषा किसी जांच अधिकारी को नियुक्त करने की नहीं है यदि बोर्ड आयोग द्वारा जारी निर्देषों का पालन करता है। मैसर्ज एच.एम. स्टील्ज लिमिटिड द्वारा अपील न्यायाधिकरण में दायर याचिका संख्या 2008 की 64 पी. आई. यु. इकाईयों पर लगाए गए अधिक विद्युत प्रभार हैं। ऊर्जा पर आधारित उद्योग पी. आई. यु. के वर्ग का निर्माण तथा पीक लोड छूट प्रभारों में दो प्रकार के शुल्क लगाने से सम्बन्धित है जैसा कि आयोग द्वारा अपने 16. 04.2007 के शुल्क आदेषों में दर्षाया गया है। अपीलकर्ता द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा ।।। (2) के अधीन निर्धारित अवधि के भीतर याचिका दायर करने में विलम्ब के लिए छूट भी मांगी है तथा न्यायाधिकरण द्वारा अपीलकर्ता द्वारा प्रतिरोधी शुल्क आदेष के विरूद्ध याचिका पर विचार करने की भी सहमति प्रदान की। अपील संख्याः 64/2008 पर अपील न्यायाधिकरण द्वारा 10.12.2008 को प्रतिवादी बोर्ड के विरूद्व लागत सहित निर्णय देते हुए इसे खारिज किया गया तथा अपीलकर्ता द्वारा 6 जनवरी, 2009 को दायर पुनर्विचार याचिका संख्या 2008 की 64 जिसमें 10.12.2008 के आदेष को वापिस लिए जाने का अनुरोध किया गया था की मूल अपील संख्या 2008 की 64 के अधीन पहले मांगी गई छूट प्रदान की जाए, इस पर अन्तिम फौसला अभी आना है। हिमाचल स्टील मैन्युफैक्चर एसोसिएषन द्वारा अपील न्यायाधिकरण में दायर संख्या 2006 की 206 में अनुरोध किया गया है कि पी. आई. यु.

टैरिफ शैडयूल के अनुसार प्रभार न बसूले जाए तथा साथ ही अनुबंध मांग में परिवर्तन किए जाने हेतु लगाए जाने वाले प्रक्रिया शुल्क तथा पीक लोड के दौरान छूट देने का अनुरोध किया गया है, यद्यपि यह अपील अपीलकर्ता द्वारा वापिस ले ली गई है क्योंकि इन मामलों को पहले ही निपटाया जा चुका है। हिमाचल प्रदेष सरकार के सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा दायर एक अन्य अपील संख्या 147/2007 में अनुरोध किया गया था कि उठाऊ सिंचाई स्कीम पर प्रभार ''जल पम्पिंग शुल्क'' की अपेक्षा ''कृषि पम्पिंग विद्युत आपूर्ति शुल्क'' के समान लिया जाए, इसके साथ ही 3 जुलाई, 2006 को जारी शुल्क आदेषों में भी संषोधन करने की प्रार्थना की गई, अपील न्यायाधिकरण द्वारा अपने 21 अक्तूबर, 2008 के निर्णय में स्पष्ट किया गया कि आयोग विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62(3) में दिये गये अधिकार के अन्यथा किन्हीं दो उपभोक्ताओं के साथ भेद–भाव नहीं कर सकता, न्यायालय ने आयोग को आदेष दिए कि शुल्क का निर्धारण किसी वर्ग विषेष पर लागू होने वाली शर्तों के अनुसार बिना किसी बसूली से किया जाए, तथापि वर्ष 2006–07 के राजस्व आवष्यकता का समायोजन आगामी समानायोक्ति प्रक्रिया के दौरान किया जाए।

बोर्ड द्वारा अपील न्यायाधिकरण में दायर अपील संख्या 39/2009 में आग्रह किया गया था कि आयोग द्वारा दिनांक 5 अप्रैल, 2008 को जारी किए गये आदेषों को रद्द किया जाए जबकि आयोग का दावा था कि बोर्ड द्वारा हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग (वितरण लाईसैंस निष्पादन का स्तर) विनियम 2005 का अनुपालन न करने हेतु उपभोक्ता षिकायतों के निराकरण हेतु कॉल सैन्टर स्थापित नहीं किया गया अतः बोर्ड पर 25,000/– की पैनल्टी तथा 1.1.2008 से 2000/– रुपये प्रतिदिन के हिसाब से उस समय तक पैनल्टी अदा करने के आदेष दिए जब तक कि हिमाचल प्रदेष राज्य विद्युत बोर्ड राज्य आयोग के आदेषों की अनुपालना नहीं करता। अपील न्यायाधिकरण द्वारा दिनांक 16 मार्च, 2009 को दिए गये अपने निर्णय में निर्देष दिए कि अपीलकर्ता द्वारा मात्र पैन्लटी माफ करने का अनुरोध किया गया है अतः आवेदक आयोग को पुनः प्रतिवेदन दे सकता है तथा आयोग आवेदक द्वारा दी गई परिस्थितियों के दृष्टिगत उचित आदेष पारित करें। बोर्ड इस निर्णय पर पहुंचा कि बोर्ड द्वारा आदेषों का उचित पालन नहीं किया है अतः उसके पास नये दिनांक 5 अप्रैल, 2008 को जारी आदेषों पर संषोधन का कोई आधार नहीं है, अतः

बोर्ड की याचिका खारिज कर दी गई। इसी प्रकार 2006 की अपील संख्या 209 में बोर्ड द्वारा अपील न्यायाधिकरण से प्रार्थना की है कि आयोग द्वारा दिनांक 3 जुलाई, 2006 को जारी किए गये आदेषों में संषोधन किया जाए तथा इन पर रोक लगाई जाए, इस दिषा में बोर्ड द्वारा बोर्ड की विकास निधि की स्थापना सम्बन्धी अपील को स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपील न्यायाधिकरण द्वारा दिनांक 8 दिसम्बर, 2008 के निर्णय आदेष पर अपना निर्णय दिया जिसके परिणाम स्वरूप बोर्ड ने 17.1.2009 को अपील संख्या 209/2006 के सम्बन्ध में पुनर्विचार याचिका संख्या 3/2009 दायर की जिसमें अनुरोध किया गया कि राज्य आयोग द्वारा मंहगाई भत्ता तथा इक्विटि से प्राप्त आय अथवा इसकी मनाही पर विचार किया जाए, इस पर अपील न्यायाधिकरण द्वारा अपना निर्णय अभी तक नहीं दिया गया है।

8 वित्त एवं लेखा

8.1 वित्त

वित्त वर्ष 2008–09 के दौरान आयोग की समस्त प्राप्तियों तथा भुगतान हिमाचल प्रदेष सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्याः एमपीपी–ए (3)–7/2004 दिनांक 03.05.2007 के अधीन स्थापित आयोग की निधि के अनुरूप विनियमित किए गये। अयोग के विभिन्न कार्य क्लापों के निष्पादन हेतु सरकार द्वारा वर्ष 2008–09 के लिए 90.00 लाख रुपये की राषि मुख्य लेखा शीर्ष 2801–800–80–02–41 के अधीन सहायतानुदान के रूप में प्रदान की गई। अयोग के वर्ष 2008–09 के वार्षिक लेखा निधि नियमों में विहित प्रपत्रों पर तैयार किए गये। आयोग के लेखों को प्राप्ति तथा भुगतान लेखा, आय एवं व्यय लेखा तथा तुलन पत्र के रूप में तैयार किया जा रहा है।

वित्त वर्ष 2008–09 के दौरान आयोग की कुल आय 391.24 लाख रुपये थी जिसमें सहयतानुदान के रूप में प्राप्त 90.00 लाख रुपये की राषि भी शामिल है जबकि सम्बधित वर्ष में कुल 252.78 लाख रुपये का व्यय हुआ जिसके अनुसार आय तथा व्यय लेखा के अनुसार 31.3.2009 के अन्त में 138.46 लाख रुपये का अधिक्य रहा।

8.2 आयोग की वित्तीय स्थिति

आयोग की 31.3.2009 तक की वित्तीय स्थित का विवरण नीचे दिया जा

रहा है :–

(रुपये लाखोंमें)

दायित्व		परिसम्पत्तियां	
विवरण	राषि	विवरण	राषि
व्यय से अधिक कुल आय	1055.74	स्थाई परिसम्पत्तियां	40.42
वर्तमान दायित्व तथा प्रावधान	22.16	निवेष	860.50
		अन्य वर्तमान परिसम्पत्तियां तथा अग्रिम	149.01
		जमा राषि	0.40
		नकदी तथा बैंक शेष	27.57
योग	1077.90		1077.90

आयोग की लेखा परीक्षा

आयोग के वर्ष 2008–09 के लेखों की लेखा परीक्षा महालेखाकार (लेखा परीक्षा) हिमाचल प्रदेष द्वारा की जानी है तथापि पुराने लम्बित ऑडिट पैरों की वर्षवार स्थिति नीचे दी जा रही है :–

क्र.सं.	वर्ष	पैरों की संख्या	2008–09 के दौरान निपटाए गये पैरों की संख्या	बकाया पैरों की संख्या
1	2004–05	08	06	02
2	2005–06	05	04	01
3	2006–07	08	03	05

4	2007–08*	05	–	–

* लेखा परीक्षा तथा निरीक्षण रिपोर्ट मई, 2009 में प्राप्त हुई

8.3 विधान सभा के समक्ष आयोग के वार्षिक लेखों को प्रस्तुत करना

आयोग की वर्ष 2007–08 के वार्षिक लेखे निधि नियमों के उपबन्धों के अनुसार तैयार किए गये हैं। भारत सरकार के महालेखाकार द्वारा प्रमाणित लेखें तथा एद्त सम्बन्धी लेखा रिपोर्ट विधान सभा पटल पर प्रस्तुत किए जाने हेतु राज्य सरकार को भेज दी गई है जैसा कि हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग निधि नियम 7(4) द्वारा वांछित है।

9 समन्वयन फोरम

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 166 में उपबन्धित है कि देष में ऊर्जा प्रणाली के निर्वाध तथा समेकित विकास हेतु समन्वयन फोरम स्थापित किए जाएं। धारा 166 की उपधारा (2) में विनियामकों के फोरम गठित किए जाने का प्रावधान किया गया है।

अन्य गतिविधियों के साथ सक्रिय तालमेल तथा विनियामकों द्वारा समान सुधार नीति अपनाने हेतु आयोग की गतिविधियां क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर समबद्ध सदस्यों द्वारा निम्न रूप से संचालित की जायेगी।

9.1 आधारभूत संरचना विनियम के लिए दक्षिण एषिया फोरम (SAFIR)

उपयोगिता विनियम के लिए अन्तराष्ट्रीय फोरम के अधीन कार्यरत आधारभूत संरचना विनियम के लिए दक्षिण एषिया फोरम मई, 1999 को विष्व बैंक की सहायता से स्थापित किया गया जिसके अन्तर्गत बंगलादेष, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, भारत तथा पाकिस्तान के आधारभूत संरचना विनियामकों का नेटवर्क शामिल है। इसके अन्तर्गत विद्युत, प्राकृतिक गैस,

दूरसंचार, जल, परिवहन आदि क्षेत्र शामिल हैं। इसके उद्देष्य में अनुसंधान, विनियामक सुधार प्रक्रिया तथा अनुभव से सम्बन्धित डाटा बैंक उपलब्ध करना तथा ज्ञान एवं प्रवीणता के लाभकारी आदान–प्रदान आरम्भ करना सम्मिलित है।

आधारभूत संरचना विनियम के लिए दक्षिण एषिया फोरम की गतिविधियां समस्त सदस्यों से बनी संचारण समिति के मार्ग दर्षन में संचालित होती रही हैं। संचारण स्थिति की 15वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें फोरम को गति प्रदान करने के उद्देष्य से भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान तथा श्रीलंका के एक–एक प्रतिनिधि लेकर कार्यकारी समिति गठित की गई। इसमें यह निर्णय भी लिया गया कि सी. ई. आर. सी., एस. ए. एफ. आई. आर. को तीन वर्ष के लिए स्थाई सचिवालय उपलब्ध करवायेगा।

सदस्यों को चार वर्गों में बांटा गया है अर्थात अकादमिक संस्थाएं, उपभोक्ता निकाय/एन. जी. ओ. निगम/उपयोगिता विनियामक निकाय। एस. ए. एफ. आई. आर. **(SAFIR)** की संचालनासमिति की गत बैठक 9 तथा 10 सितम्बर, 2008 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष ने भाग लिया था। आयोग द्वारा 19 अप्रैल, 2008 को 60,000 रुपये की राषि वर्ष 2008–09 की नवीनीकृत सदस्यता शुल्क के रूप में जमा करवाई गई।

9.2 भारतीय विनियामकों का फोरम (एफ.ओ.आई.आर.)

भारतीय विनियामकों का फोरम (एफ. ओ. आई. आर) एक पंजीकृत संस्था है जिसका गठन फरवरी, 2000 में किया गया था। इसकी सदस्यता शुल्क पर आधारित है। एफ. ओ. आई. आर. (FOIR) का उद्देष्य विनियामक संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्षिता विकसित करना, उपभोक्ता हितों की रक्षा, उपभोक्ता समयक संस्थाओं का विकास, विनियामक संस्थाओं में मानवीय तथा संस्थागत क्षमताओं का विकास, उपयोगिता तथा अन्य लाभार्थियों, विनियामक विधियों तथा प्रथा को सूचनात्मक आधार प्रदान करना, विनियामक मितव्ययता, स्वतन्त्र विनियामक मैकानिज़्म की वृद्धि में विकास तथा विनियामक संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्षिता लाना है।

एफ. ओ. आई. आर. (FOIR) द्वारा भारतवर्ष में विद्युत शुल्क के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया। हिमाचल प्रदेष विद्युत विनियामक आयोग द्वारा भारतीय विनियामकों के फोरम की एक संस्थागत सदस्य के रूप में दिनांक 26 मई, 2001 को सदस्यता ग्रहण की। फोरम का एक शासकीय निकाय है तथा भारतीय विनायमकों के फोरम के सदस्य शासकीय निकाय में अवैतनिक हैसियत से नियुक्ति के पात्र हैं। शासकीय निकाय के सचिवालय को केन्द्रीय विद्युत विनियमन आयोग द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। एफ. ओ. आई. आर.(FOR)की सर्वोच्चसता सामान्य निकाय में निहित है जिसकी बैठक वर्ष में कम से कम एक बार लगभग जून माह में होगी। एफ. ओ. आई. आर. की सामान्य निकाय की 9वीं बैठक 12 जून, 2008 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।

9.3 विनियामकों का फोरम (एफ.ओ.आर.)

भारत सरकार द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 166(2) की शर्तो के अधीन विनियामकों का फोरम गठित किया गया है। आयोग के अध्यक्ष एफ. ओ. आर. (FOR) के सदस्य भी हैं तथा आयोग शुल्क भी नियमित रूप से जमा करवा रहा है। (विद्युत क्षेत्र में अधिकतर विनियाक निष्चितता प्राप्त करने के उद्देष्य से फोरम पूरे देष में तालमेल स्थापित करने, विद्युत नियामक आयोगों के कार्यो में एक रूपता लाने की दिषा में कार्य करता है)।

वर्ष के दौरान एफ. ओ. आर. (FOR) द्वारा क्षमता निर्माण, खुली पहुँच तथा लोड डिस्पैच सैन्टर एन. पी. टी. आई. फरीदाबाद में, विद्युत नियामक आयोग के अधिकारियों के लिए डिमाड साईड मैनेजमैंट (डी. एस. एम.) एन. पी. टी. आई. फरीदाबाद में, विद्युत क्षेत्र में विनियमन, प्रतिसपर्द्धा तथा उपभोक्ता विषयों के सम्बन्ध में धर्मषाला (हिमाचल प्रदेष) में कार्यक्रम आयोजित किए गये। एफ. ओ. आर. (FOR) की 11 वीं बैठक 2 मार्च, 2009 को आयोजित की गई जिसमें एफ. ओ. आर. सी. पी. यु. सी., सी. ई. सी., एल. बी. एन.एल. के बीच समझौता ज्ञापन, 2009–14 अवधि के लिए शुल्क की शर्तो से सम्बन्धित सी. ई. आर. सी. विनियमों की अनुषंसा ; ''बचत लैम्प योजना'' के सम्बन्ध में ऊर्जा व्यूरो कार्य कुष्ल (बी. ई. ई.) द्वारा प्रस्तुत मांग पर आधारित प्रबन्धन तथा ऊर्जा कुषलता तथा डी. एस.

एम. के सम्बन्ध में अमेरिका के विनियमकों के साथ हुई वार्ता आदि विषयों पर चर्चा की गई। एफ. ओ. आर. (FOR) के लिए वर्ष 2009–10 हेतु वार्षिक अंषदान अब 2.00 लाख प्रस्तावित है।

9.4 एच. पी. ई. आर. सी., जे. के. ई. आर. सी., एच. ई. आर. सी. आर. ई. आर. सी. पी. एस. ई. आर. सी., डी. ई. आर. सी. यु. पी. ई. आर. सी. जे. ई. आर. सी, यू.. ई. आर. सी जैसे उत्तरी क्षेत्र के विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्षों द्वारा उत्तरी क्षेत्र के राज्य से सम्बन्धित सामान्य विनियमन हेतु एक क्षेत्रीय तालमेल फोरम स्थापित किए जाने के बारे में चर्चा की गई। उत्तर क्षेत्रीय राज्यों के राज्य आयोगों के अध्यक्षों की एक बैठक 18 तथा 19 मार्च, 2008 को पंचकुला में आयोजित की गई जिसमें, एन. आर. एफ. ई. आर. (NRFER) को एक सोसाईटी के रूप में गठित किए जाने के सम्बन्ध में एक समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार किया गया। एन. आर. एफ. ई. आर. (NRFER) का पंजीकृत कार्यालय हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के पंचकुला स्थित कार्यालय में स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही यह भी प्रस्तावित है कि राज्य विद्युत विनियामक आयोग के वरिष्ठतम अध्यक्ष एन. आर. एफ. ई. आर. (NRFER) के अध्यक्ष होंगे तथा एच. ई. आर. सी. के सचिव इसके सचिव होंगे। सामान्य निकाय तथा कार्यकारी समिति की बैठकें छः महीने में कम से कम एक बार इसके मुख्यालय अथवा किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर बारी–बारी से आयोजित की जायेगी। कर्मचारी समिति में नामित 9 सदस्य होंगे। एन. आर. एफ. ई. आर. (NRFER) का उद्देष्य उत्तर क्षेत्र की विषिष्ट परिस्थितियों के दृष्टिगत मुख्यतः विनियामक मैकानिज़म से सम्बन्धित विभिन्न मामलों में साझेदारी, उपभोक्ता हित तथा उनकी हिमायत, षिकायत निवारण मैकानिज़म के सम्बन्ध में स्वैच्छिक संस्थाओं में जागरूकता विकसित करना, विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान तथा अध्ययन आरम्भ करना, समान क्षेत्रीय हितों सम्बन्धी सूचनाओं का आदान–प्रदान तथा मानवीय एवं संस्थागत क्षमता निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। आरम्भ में अंषदायी शुल्क 25,000 रुपये होगा जिसे सोसाईटी के उद्देष्यों की पूर्ति हेतु व्यय किया जायेगा। एच. पी.ई .आर. सी. द्वारा एन.आर. एफ. ई. आर. (NRFER) की सदस्यता ग्रहण हेतु अपनी सहमति व्यक्त की गई है।

9.5 राज्य सलाहकार समिति

आयोग द्वारा दिनांक 11 अगस्त, 2008, 27 मार्च, 2009 को जारी अधिसूचना तथा 30 अगस्त, 2008 तथा 28 मार्च, 2009 को राजपत्र में प्रकाषन द्वारा राज्य सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया जिसका विवरण परिषिष्ट–V पर दिया गया है। इस समिति में रूचि समूहों, वाणिज्य, कृषि, उपभोक्ता, स्वैच्छिक संस्थाओं, तथा विद्युत उद्योग आदि के सदस्यों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। राज्य उपभोक्ता मामलों तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सचिव भी इस समिति के पदेन सदस्य होंगे। राज्य आयोग के अध्यक्ष राज्य सलाहकार समिति के अध्यक्ष होंगे तथा आयोग के सचिव इसके सचिव होंगे। राज्य सलाहकार समिति की 6वीं बैठक 31. 3.2008 को बुलाई गई थी किन्तु कोरम पूरा न होने के कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा, हिमाचल प्रदेष राज्य विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष तथा राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ परामर्ष करते हुए बैठक पुनः आयोजित करने के प्रयास किए गये, परन्तु इन सदस्यों की पूर्व व्यस्तता के कारण वर्ष के दौरान बैठक आयोजित नहीं की जा सकी।

10 तकनीकी/विनियामक/टैरिफ विष्लेषण मामले

10.1 तकनीकी विष्लेषण (टी.ए.) प्रभाग

